डिजिटल अखबार

डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचलएल, गोविंदपुरा, बुढनी, कोलार, बैरसिया आविनी कृष्ण 09– 2083 भोपाल,दिन सोमवार, दिनांक 05 अक्टुबा,2026

न्यूज गैलरी

स्टेशनों से बेस किचन तक चला सफाई अभियान

भोपाल। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा–2026 एवं विशेष अभियान 6.0 के तहत रेलवे परिसरों को साफ–सुथरा और व्यवस्थित बनाने के लिए 4 और 5 अक्टूबर को विशेष गहन सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान प्रमुख रेलवे स्टेशनों से लेकर खानपान इकाइयों, बेस किचन, पेंट्रीकार, रिटायरिंग रूम और रेलवे कार्यालयों तक व्यापक साफ–सफाई की जा रही है। रेलवे के विभिन्न विभागों की टीमें अभियान के तहत स्टेशन परिसरों, यात्री सुविधाओं और प्रशासनिक भवनों में सफाई कार्य कर रही हैं। इसके साथ ही जगह–जगह जमा कचरे के उचित निस्तारण, खानपान इकाइयों की स्वच्छता और परिसर को व्यवस्थित रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अभियान के दौरान पेंट्रीकार, बेस किचन और अन्य खानपान इकाइयों में स्वच्छता के निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए विशेष सफाई गतिविधियां की जा रही हैं।

कल साढ़े नौ लाख बच्चों को खिलाई जाएगी एलबेंडाजोल गोली

भोपाल। मंगलवार 6 अक्टूबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 1 से 19 साल के बच्चों को एल्बेंडाजोल गोली खिलाई जाएगी। कार्यक्रम के तहत शासकीय, निजी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, मदरसों, छात्रावासों में दवा का सेवन करवाया जाएगा। इसके साथ ही 20 से 49 साल की ऐसी महिलाएं जो गर्भवती एवं धात्री नहीं हैं, उन्हें भी इस दवा का सेवन करवाया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य नोडल विभागों के सहयोग से दवा सेवन करवाई जाएगी। भोपाल में लगभग साढ़े नौ लाख बच्चों को गोली का सेवन करवाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को एलबेंडाजोल दवा उपलब्ध करवाई गई है। स्कूलों में ये दवा नोडल टीचर की उपस्थिति में खिलाई जाएगी।

कायस्थम सम्मान–27 के लिए चयन समिति गठित

भोपाल। कायस्थम–27 मेंसम्मानित की जाने वाली चित्रांश प्रतिभाओं के चयन के लिए चयन समिति का गठन कर दिया गया है। इनमें अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव, अजय भटनागर, कार्य. सदस्य रवि खरे कार्य. सदस्य अनुराग श्रीवास्तव और विशेष आमंत्रित सदस्य अजय निगम चुने गए

मुख्यमंत्री की कई घोषणाएंय मोहगांव–घुघरी में महाविद्यालय और लघु वनोपज की प्रोसेसिंग यूनिट भी होगी स्थापित

मंडला में बनेगा टाइगर सफारी जू, फिर शुरू होगी पान की खेती

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को मंडला जिले को पर्यटन, शिक्षा और रोजगार से जुड़ी कई सौगातें देने की घोषणा की।

डीआर संवाददाता ⏭ मंडला।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को मंडला जिले को पर्यटन, शिक्षा और रोजगार से जुड़ी कई सौगातें देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि देश–विदेश से मंडला आने वाले पर्यटकों को स्थानीय स्तर पर वन्यजीव देखने की सुविधा देने के लिए जिले में टाइगर सफारी जू बनाया जाएगा। इसके साथ ही जिले में कभी बड़े पैमाने पर होने वाली पान की खेती को फिर शुरू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के सदस्यों के प्रशिक्षण–सह–जागरूकता कार्यक्रम और तेंदूपत्ता बोनस वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मंडला में पहले पान की खेती स्थानीय लोगों की आय का महत्वपूर्ण साधन थी। इसे फिर शुरू करने

से किसानों और स्थानीय लोगों को रोजगार व आय के अवसर मिलेंगे।

उन्होंने मोहगांव और घुघरी में शासकीय महाविद्यालय खोलने की घोषणा भी की। मंडला में बड़ी मात्रा में लघु वनोपज का संग्रहण होता है। इसे देखते हुए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के अधीन लघु वनोपज की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने की बात भी मुख्यमंत्री ने कही। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन, रानी दुर्गावती तथा राजा शंकर शाह–कुंवर रघुनाथ शाह के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई।

9 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस

मुख्यमंत्री ने मंडला में प्रदेश के आठ वनमंडलों के 9 लाख 4 हजार 126 तेंदूपत्ता संग्राहकों को वर्ष 2024 के बोनस के रूप में 36 करोड़ 17 लाख 37 हजार 518 रुपए की राशि का अंतरण किया। इसमें मंडला के पूर्व एवं पश्चिम वन मंडल के साथ सिवनी, बालाघाट, डिंडोरी और जबलपुर के संबंधित वन मंडल शामिल हैं। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रदेश में 21 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को 139 करोड़ रुपए से अधिक का बोनस दिया जाएगा।

इसके अलावा 84 वन समितियों के करीब 40 हजार सदस्यों को 26.56 लाख रुपए का काष्ठ लाभांश भी प्रदान किया गया।

460 करोड़ के 74 विकास कार्यो की सौगात

मुख्यमंत्री ने मंडला जिले में करीब 460 करोड़ रुपए की लागत वाले 74 विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण किया। इनमें 263 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 47 विकास कार्यों का भूमि पूजन तथा 197 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 27 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

उन्होंने 137.11 करोड़ रुपए की लागत से निवास, बिछिया, घुघरी और सागर कस्बे में नवनिर्मित चार सांदीपनि विद्यालय भवनों का लोकार्पण किया। साथ ही 75.28 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 19 शासकीय हाईस्कूल भवनों और 33.92 करोड़ रुपए की लागत से मंडला में बनने वाले नवीन एकीकृत कलेक्टर कार्यालय सहित अन्य विकास कार्यों की सौगात दी।

विकास परियोजनाओं के लिए तय सीमा में कर्ज ले रही मप्र सरकार

मार्च 2027 तक केंद्र की निर्धारित ऋण सीमा के दायरे में रहेगा उधार, सरकार का दावा– टैक्स में नहीं की असामान्य बढ़ोतरी

डीआर संवाददाता ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार ने कहा है कि प्रदेश में सड़क, एक्सप्रेस–वे, सिंचाई, बांध, नहर, बिजली, मेडिकल कॉलेज और स्कूल–कॉलेज जैसी बड़ी अधोसंरचना परियोजनाओं के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से कर्ज लिया जा रहा है। राज्य सरकार के अनुसार यह ऋण राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम (एफआरबीएम) तथा केंद्र सरकार की ओर से निर्धारित ऋण सीमा के भीतर ही लिया जा रहा है। मार्च 2027 तक राज्य इसी तय सीमा के अनुसार परियोजनाओं के लिए कर्ज लेगा।

वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए भारत सरकार ने मध्यप्रदेश की ऋण सीमा करीब 87 हजार करोड़ रुपए निर्धारित की है। राज्य सरकार सितंबर तक आरबीआई के माध्यम से 37 हजार 400 करोड़ रुपए का ऋण प्राप्त कर चुकी है। सरकार के अनुसार आरबीआई के ई–कुबेर प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह राशि प्रतिस्पर्धी दरों पर जुटाई जाती है। आरबीआई प्रत्येक मंगलवार को राज्यों के लिए प्रतिभूतियों की नीलामी करता है, जिसमें राज्य अपनी वित्तीय जरूरत के अनुसार हिस्सा लेते हैं।

पूंजीगत कार्यो में इस्तेमाल हो रहा ऋण

राज्य सरकार का कहना है कि आरबीआई के माध्यम से प्राप्त ऋण का उपयोग मुख्य रूप से पूंजीगत व्यय यानी विकास और अधोसंरचना कार्यों में किया जाता है। इसमें सड़क निर्माण, बिजली, सिंचाई, बांध, नहर, एक्सप्रेस–वे और शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। सरकार के अनुसार वेतन भुगतान तथा लाड़ली बहना जैसी सामाजिक योजनाओं के नियमित राजस्व व्यय के लिए अलग से ऋण नहीं लिया जाता।

व्हाट्सऐप पर संदिग्ध फाइल से रहें सावधान, भोपाल पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

डीआर संवाददाता ⏭ भोपाल

व्हाट्सऐप पर इनवॉइस, जरूरी दस्तावेज या 'व्यू डिटेल्स' के नाम से आने वाली संदिग्ध फाइलें साइबर ठगी का कारण बन सकती हैं। भोपाल पुलिस ने लोगों को ऐसी फाइलों से सावधान रहने की सलाह देते हुए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस के अनुसार साइबर अपराधी 'प्ब फाइल में म्म, क्स्र या अन्य मालवेयर छिपाकर मोबाइल और कंप्यूटर को निशाना बना सकते हैं। पुलिस ने कहा कि संदिग्ध फाइल खोलने से साइबर अपराधी सिस्टम या ब्राउजर पर अनधिकृत नियंत्रण पाने की कोशिश कर सकते हैं। इसके बाद व्हाट्सऐप अकाउंट या सिस्टम का दुरुपयोग कर संपर्कों को ठगी वाले संदेश भेजे जा सकते हैं।पुलिस ने सलाह दी है कि फाइल किसी परिचित के नंबर से आए, तब भी उसे खोलने से पहले फोन कर पुष्टि करें। अनजान व्यक्ति के कहने पर रिमोट एक्सेस एप इंस्टॉल न करें। व्ज्च, पासवर्ड, न्च्, च्फ्छ और बैंक संबंधी जानकारी भी साझा न करें। व्हाट्सऐप के स्पदामक क्मअपबमे की नियमित जांच करते रहें।

यदि गलती से संदिग्ध फाइल खुल जाए तो तत्काल इंटरनेट बंद करें। इसके बाद व्हाट्सऐप वेब और अन्य स्पदामक क्मअपबमे से लॉगआउट कर जरूरी खातों के पासवर्ड बदलें और एंटीवायरस से पूरा सिस्टम स्कैन कराएं।

भाजपा विधायक का ऐलान– केंद्रीय राज्यमंत्री के निवास के सामने करेंगे भूख हड़ताल

धामनोद की समस्याओं पर विधायक ने खोला मोर्चा, 9 अक्टूबर से धरना

डीआर संवाददाता ⏭ धार

धामनोद नगर की जनसमस्याओं के समाधान को लेकर धरमपुरी से भाजपा विधायक कालू सिंह ठाकुर ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान किया है। विधायक ने कहा है कि यदि नगर की लंबित समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे 9 अक्टूबर से केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर के निवास के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

विधायक ठाकुर का आरोप है कि धामनोद की विभिन्न समस्याओं को लेकर वे लगातार प्रशासन के

अधिकारियों के समक्ष मुद्दे उठाते रहे हैं, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए पूर्व और वर्तमान कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित अधिकारियों से भी चर्चा की गई, इसके बावजूद स्थिति में पर्याप्त सुधार नहीं आया।

विधायक ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते क्षेत्र की जनता की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाना और उनका निराकरण कराना उनकी जिम्मेदारी है। लंबे समय से मांगें उठाने के बाद भी समाधान नहीं होने से वे नाराज हैं।उन्होंने स्पष्ट किया कि अब वे आंदोलन के माध्यम से अपनी बात शासन और प्रशासन तक पहुंचाएंगे। 9 अक्टूबर से प्रस्तावित धरने को लेकर उन्होंने कहा कि जब तक धामनोद की प्रमुख समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस पहल नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

विधायक के इस ऐलान के बाद स्थानीय स्तर पर राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल बढ़ने की संभावना है।

दादा की हत्या के मामले में पोती गिरफ्तार

पूछताछ में युवती ने बचपन में गलत व्यवहार का लगाया आरोप,

डीआर संवाददाता ⏭ इंदौर

एरोड्रम क्षेत्र में 75 वर्षीय सेवानिवृत्त एसएएफ कर्मचारी की हत्या के मामले में पुलिस ने उनकी 20 वर्षीय पोती को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार शनिवार देर रात युवती अपने दादा–दादी के घर पहुंची थी। वहां विवाद के दौरान उसने क्रिकेट बैट से दादा पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

एसीपी अशोक सिंह जादौन के मुताबिक, दादी की शिकायत पर युवती के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। युवती कॉलेज में पढ़ती है। पुलिस घटना के कारणों और पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

माता–पिता से विवाद के बाद पहुंची थी घर

प्रारंभिक जांच के अनुसार घटना से पहले युवती का देर रात घर पहुंचने को लेकर माता–पिता से विवाद हुआ था। विवाद के बाद वह सो गई थी। कुछ समय बाद वह उठी और क्रिकेट बैट लेकर बुलेट से दादा–दादी के घर पहुंची। दादी के दरवाजा खोलने के बाद वह अंदर गई और दादा पर हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे।

बचपन में गलत व्यवहार का लगाया आरोप

पुलिस पूछताछ में युवती ने आरोप लगाया कि जब वह नाबालिग थी, तब दादा ने उसके साथ कई बार गलत व्यवहार किया था। उसका कहना है कि उसने इस संबंध में माता–पिता को जानकारी दी थी। इसके बाद परिवार ने अलग घर में रहना शुरू कर दिया था। पुलिस इन आरोपों की भी जांच कर रही है।

घटना वाली रात देर से घर लौटने पर माता–पिता द्वारा समझाने को लेकर भी युवती का विवाद हुआ था। पुलिस के अनुसार इसी दौरान उसने पुराने आरोपों का जिक्र करते हुए नाराजगी जताई थी।

विशेषज्ञों के अनुसार बच्चों द्वारा किसी अनुचित व्यवहार की जानकारी दिए जाने पर उनकी बात गंभीरता से सुनना और उन्हें सुरक्षित माहौल देना जरूरी है। ऐसी घटनाओं का मानसिक असर लंबे समय तक रह सकता है। अभिभावकों को बच्चों की बात अनसुनी करने के बजाय भरोसे के साथ उनकी सहायता करनी चाहिए।

लंबित भुगतान और क्लेम रिजेक्शन से नाराज अस्पताल संचालक, एनएबीएच की अनिवार्यता हटाने की मांगय समाधान नहीं हुआ तो दिल्ली में प्रदर्शन का ऐलान

डीआर संवाददाता ⏭ भोपाल

आयुष्मान भारत योजना से जुड़े लंबित भुगतान, क्लेम रिजेक्शन और एनएबीएच की अनिवार्यता को लेकर प्रदेश के निजी अस्पताल संचालकों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। निजी अस्पताल संगठनों का कहना है कि यदि उनकी मांगों का जल्द निराकरण नहीं किया गया तो 8 अक्टूबर से आयुष्मान योजना के तहत मरीजों का इलाज बंद कर दिया जाएगा। इसके साथ ही करीब एक हजार एंबुलेंस के साथ दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री कार्यालय के सामने प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई है।

निजी अस्पताल संचालकों के आंदोलन को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), यूनाइटेड प्राइवेट हॉस्पिटल्स डायरेक्टर्स एसोसिएशन (यूपीएचडीए) सहित विभिन्न अस्पताल संगठनों का समर्थन मिला है। अस्पताल संचालकों का कहना है कि आयुष्मान योजना से संबंधित कई समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं, लेकिन बार–बार मांग उठाने के बावजूद उनका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

पुराने और नए पोर्टल पर भुगतान अटका

आईएमए मध्यप्रदेश के अध्यक्ष डॉ. भजनलाल शरणागत के अनुसार पुराने और वर्तमान पोर्टल पर अस्पतालों का भुगतान लंबित है। इसके अलावा सीपीडी स्तर पर कई क्लेम अटके हुए हैं। क्लेम रिजेक्शन और अनावश्यक कटौती को लेकर भी अस्पताल संचालक परेशान हैं। उनका कहना है कि इन समस्याओं के समाधान के लिए शासन के समक्ष कई बार बात रखी गई, लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ।यूपीएचडीए के अध्यक्ष डॉ. विशाल सिंह बघेल ने कहा कि निजी अस्पताल लंबे समय से आयुष्मान योजना के लंबित भुगतान और एनएबीएच की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा स्वास्थ्य आयुक्त को बैठक में बुलाए जाने के बावजूद संबंधित अधिकारी बैठक में नहीं पहुंचे।

अस्पताल बोले– इलाज कैशलेस, लेकिन कास्टलेस नहीं

यूपीएचडीए के चेयरमैन एडवाइजरी डॉ. जीशान अहमद ने कहा कि वास्तविक मरीज, बीमारी और उपचार के बावजूद केवल तकनीकी या प्रक्रियागत कारणों से वैध क्लेम रोकना उचित नहीं है। उनके अनुसार मरीज को कैशलेस इलाज मिल सकता है, लेकिन अस्पताल के लिए इलाज कास्टलेस नहीं हो सकता।

मौसम नमी घटते ही दिन में बढ़ी गर्मी, रात का पारा सामान्य से 2.6 डिग्री नीचेय अक्टूबर में दिन 36-37 और रात 13-15 डिग्री

मानसून की विदाई के साथ बदला मौसम का मिजाज

डीआर संवाददाता ⏭ भोपाल

प्रदेश से दक्षिण–पश्चिमी मानसून की विदाई के साथ ही मौसम का मिजाज तेजी से बदलने लगा है। हवा में नमी कम होने से दिन के तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो गई है, जबकि रातें ठंडी होने लगी हैं। राजधानी भोपाल में रविवार को सुबह 8.30 बजे तक हवा में करीब 58 प्रतिशत नमी दर्ज की गई, जो शाम 5.30 बजे घटकर 38 प्रतिशत रह गई।

नमी कम होने और धूप में तेजी आने का असर दिन के तापमान पर दिखाई दिया। रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.7 डिग्री अधिक

रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री दर्ज हुआ, जो सामान्य से 2.6 डिग्री कम है। दिन में धूप तेज होने से गर्मी का अहसास बढ़ रहा है, जबकि रात में तापमान गिरने से हल्की ठंडक महसूस होने लगी है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अगले कुछ दिनों में मौसम में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। धूप में तेजी और वातावरण में नमी की कमी के चलते अधिकतम तापमान में करीब एक से डेढ़ डिग्री की और बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं रात के तापमान में लगभग एक डिग्री की गिरावट आने का अनुमान है।

अक्टूबर में तापमान में उतार–चढ़ाव

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अक्टूबर में दिन का तापमान 36 से 37 डिग्री तक पहुंच सकता है, जबकि रात में न्यूनतम तापमान 13 से 15 डिग्री तक आने का अनुमान है। ऐसे में दिन में गर्मी और रात में ठंडक का असर एक साथ देखने को मिलेगा।

पहाड़ों की बर्फबारी से बदलेगा हवाओं का रुख

विशेषज्ञों के मुताबिक इस बार पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी भी जल्दी शुरू हुई है। इसका असर मैदानी इलाकों में आने वाली उत्तरी हवाओं पर पड़ेगा। अक्टूबर में हवाओं का रुख बदलने के साथ न्यूनतम तापमान कुछ दिनों में सामान्य से 3 से 5 डिग्री तक नीचे जा सकता है। इससे मौसम में कभी दिन की गर्मी तो कभी रात की ठंडक अधिक महसूस होगी।

पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा– महिलाएं अकेले आने से बचें, अनजान व्यक्ति या सेवादार पर आंख मूंदकर भरोसा न करें

डीआर संवाददाता ⏭ छतरपुर

बागेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने श्रद्धालुओं से सतर्क रहने की अपील की है। शनिवार रात आयोजित दिव्य दरबार के दौरान उन्होंने विशेष रूप से माताओं और बहनों से कहा कि वे धाम में अकेले आने से बचें। यदि किसी कारण अकेले आना पड़े तो किसी अनजान व्यक्ति या सेवादार पर बिना पूरी जानकारी के भरोसा नहीं करें।

पंडित शास्त्री ने श्रद्धालुओं को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। ऐसे में अपनी सुरक्षा को लेकर

जागरूक रहना जरूरी है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि यात्रा के दौरान परिवार के सदस्यों या परिचित लोगों के साथ रहने को प्राथमिकता दें।

उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति से व्यक्तिगत जानकारी साझा करने या उसके कहने पर कहीं जाने से पहले पूरी तरह सतर्क रहें। धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी असामान्य स्थिति की जानकारी तत्काल संबंधित जिम्मेदार लोगों या प्रशासन को देने की सलाह भी दी गई।

दिव्य दरबार के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से धार्मिक आस्था के साथ–साथ व्यावहारिक सावधानी बरतने का आग्रह किया। उनका कहना था कि धाम में आने वाले सभी श्रद्धालु सुरक्षित रहें और दर्शन के बाद सकुशल अपने घर लौटें, इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। धाम में लगातार बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या के बीच सुरक्षा और सतर्कता को लेकर की गई इस अपील को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

डिजटन अखबार

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आविनी कृष्ण 09- 2083 सीहोर, दिन सोमवार, दिनांक 05 अक्टूबर, 2026

हादसा

टोल से गुजर रहे एलपीजी टैंकर के टायरों में लगी आग, कर्मचारियों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

फंदा टोल पर अचानक उठने लगीं लपटें, टैंकर में भरी थी एलपीजीय समय रहते आग पर काबू पाया, सुरक्षित रवाना किया गया वाहन

डीआर संवाददाता>>सीहोर

भोपाल–इंदौर मार्ग स्थित फंदा टोल नाके पर रविवार सुबह एलपीजी से भरे एचपी गैस टैंकर के टायरों में अचानक आग लगने से अफरा–तफरी मच गई। टैंकर में बड़ी मात्रा में तरल पेट्रोलियम गैस भरी होने के कारण स्थिति गंभीर हो सकती थी। हालांकि टोल कर्मचारियों की सतर्कता और मौके पर उपलब्ध अग्निशमन संसाधनों के कारण आग को शुरुआती स्तर पर ही नियंत्रित कर लिया गया। आग गैस टैंक तक पहुंचने से पहले ही बुझा दी गई। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

घटना रविवार सुबह करीब 8.30 बजे की है। एचपी कंपनी का एलपीजी से भरा कैप्सूल टैंकर भोपाल–इंदौर मार्ग से होते हुए फंदा टोल प्लाजा से गुजर रहा था। इसी दौरान टैंकर के टायरों में अत्यधिक घर्षण के कारण आग लग गई। कुछ ही देर में पिछले हिस्से के टायरों से लपटें उठने लगीं और धुआं दिखाई देने लगा। टोल प्लाजा पर तैनात कर्मचारियों की नजर जैसे ही टायरों में लगी आग पर पड़ी, उन्होंने तत्काल चालक को वाहन रोकने का संकेत दिया।

कर्मचारियों ने बिना देरी शुरू किए प्रयास

टोल प्लाजा के कंट्रोलर संतोष राजपूत ने बताया कि आग की जानकारी मिलते ही टैंकर को रोककर पूरे अमले को सतर्क किया गया। टोल पर मौजूद मनोज केवरिया, राहुल वर्मा, नेपाल सिंह वर्मा, अनुज सोनी, बलराम सहित अन्य कर्मचारियों ने तत्काल आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की।

टोल प्लाजा पर उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों और अन्य संसाधनों की मदद से टैंकर के टायरों में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया गया। कर्मचारियों ने इस दौरान विशेष सावधानी बरती, क्योंकि टैंकर के भीतर एलपीजी भरी हुई थी। आग यदि टायरों से आगे बढ़कर गैस टैंक तक पहुंचती तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। कर्मचारियों ने एकजुट होकर लगातार प्रयास किया और आग को टैंकर के मुख्य गैस टैंक तक पहुंचने से पहले ही नियंत्रित कर लिया।

टैंकर की जांच के बाद किया रवाना

आग पूरी तरह बुझने के बाद टैंकर को तत्काल आगे नहीं भेजा गया। पहले उसकी स्थिति की जांच की गई। कर्मचारियों ने यह सुनिश्चित किया कि आग से गैस टैंक को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचा है और टैंकर सुरक्षित स्थिति में है। इसके बाद वाहन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

घटना के दौरान टोल प्लाजा पर मौजूद कर्मचारियों की तत्परता के चलते आग को फैलने से रोक लिया गया। समय रहते कार्रवाई होने से टैंकर में भरी एलपीजी सुरक्षित रही और किसी तरह की जनहानि भी नहीं हुई।

जिले में लगातार सामने आ रही आग की घटनाएं

सीहोर जिले में पिछले कुछ दिनों में आगजनी की कई घटनाएं सामने आई हैं। शुक्रवार को इछावर में एक नमकीन फैक्ट्री में आग लग गई थी। इसी दिन सीहोर जिला मुख्यालय के मंडी क्षेत्र स्थित जूते–चप्पल की थोक दुकान में भी आग लगने से नुकसान हुआ था। दोनों घटनाओं में दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया था।

फंदा टोल की घटना में भी समय पर आग की जानकारी मिलने और उपलब्ध संसाधनों के इस्तेमाल से स्थिति को गंभीर होने से रोक लिया गया। घटना के बाद टोल प्रबंधन ने कर्मचारियों की सतर्कता और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

ट्रैक्टर की रोशनी में शावकों के साथ दिखी मादा तेंदुआ, किसानों में दहशत

सोयाबीन कटाई के बीच बढ़ी चिंता, वन विभाग आज फिर करेगा तलाश

डीआर संवाददाता> जावर

थाना क्षेत्र के ग्राम हरनावदा में पिछले तीन दिनों से मादा तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ दिखाई देने की सूचना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लगातार तेंदुआ दिखने की बात सामने आने के बाद किसान खेतों पर जाने से भी बच रहे हैं। इन दिनों क्षेत्र में सोयाबीन कटाई का काम तेजी से चल रहा है, ऐसे में किसानों की चिंता और बढ़ गई है।

हरनावदा निवासी किसान अर्जुन सिंह ने बताया कि रविवार शाम करीब 7 बजे वह खेत से ट्रैक्टर लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ट्रैक्टर की रोशनी पड़ी तो सामने मादा तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ दिखाई दी। अर्जुन सिंह के अनुसार, उन्हें पिछले तीन दिनों में तेंदुआ तीसरी बार नजर आया है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ शावकों के साथ क्षेत्र में घूम रहा है, इसलिए रात के समय खेतों की ओर जाना जोखिम भरा हो सकता है।

ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस जवान भी मौके पर पहुंचे और आसपास के क्षेत्र का जायजा लिया। गांव के चौकीदार ने भी तेंदुआ दिखने की सूचना पुलिस को दी थी। इसके बाद आसपास के गांवों में भी लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

वन विभाग को नहीं मिले निशान

डिप्टी रेंजर रमेश चंद्र गैरवाल ने बताया कि हरनावदा क्षेत्र में तेंदुआ होने की सूचना मिली थी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आसपास तलाश की, लेकिन तेंदुआ

न्यूज गैलरी

संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आज

सीहोर। जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आज शाम 5 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत कर्मचारी हित से संबंधित मांगों, एजेंडा एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में शासन से मान्यता प्राप्त संगठनों के पदाधिकारी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि ही उपस्थित हो सकेंगे।

उचित मूल्य दुकान आवंटन के लिए करें आवेदन

सीहोर। अनुविभागीय अधिकारी (खाद्य शाखा) भैरूंदा द्वारा ग्राम पंचायत मंजीखेड़ी में रिक्त शासकीय उचित मूल्य दुकान के आवंटन के लिए संशोधित प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है। दुकान आवंटन के लिए पात्र संस्थाओं एवं समूहों से 9 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। शासकीय उचित मूल्य दुकान आवंटन के लिए पात्र संस्थाएं ीजजचेरूध्धतंजपवदउपजतं. दपब.पद के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं।

जल उपयोगिता समिति की बैठक आज शाम 4 बजे

सीहोर। जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक आज शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगी। बैठक में जिले के जलाशयों में जलभराव की स्थिति और उपलब्ध जल भंडारण क्षमता की समीक्षा की जाएगी। साथ ही वर्ष 2025–26 की सिंचाई उपलब्धियों की समीक्षा कर रबी सीजन 2026–27 के सिंचाई लक्ष्यों का निर्धारण किया जाएगा।

सेवा मेरा योगदान के तहत नेत्र परामर्श शिविर 6 को

सीहोर। सेवा संकल्प, सेवा मेरा योगदान अभियान अंतर्गत जिला चिकित्सालय में नेत्र परामर्श शिविर मंगलवार को सुबह 10 बजे से नेत्र रोग ओपीडी कमरा 204 ब्लॉक–बी में आयोजित किया जाएगा। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय ने बताया कि शिविर में चिकित्सकीय टीम द्वारा आमजन एवं बुजुर्गों की आंखों की जांच की जाएगी।

बुजुर्गों का सम्मान और उनका आशीर्वाद प्राप्त करना

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सीहोर के संकल्प वृद्ध आश्रम में 'सेवा मेरा योगदान (सेवा संकल्प अभियान–2026)' के तहत जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा वृद्धजनों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा, विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र मेवाड़ा एवं सामाजिक न्याय विभाग की जिलाधिकारी महेश कुमार यादव सहित अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में वृद्ध आश्रम में निवासरत वृद्धजनों से आत्मीय संवाद किया गया तथा उनका सम्मान किया गया। दृष्टिबाधित बालिका फाल्गुनी ने गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज में वृद्धजनों के सम्मान, उनके प्रति बच्चों के व्यवहार और बुजुर्गों के अधिकारों को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया।

साथ ही शासन द्वारा वृद्धजनों के लिए संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आमजन को दी गई।इस अवसर पर विभाग द्वारा वृद्धजनों को शाल–श्रीफल तथा महिलाओं को साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कहा गया कि बुजुर्गों का सम्मान करना और उनका आशीर्वाद प्राप्त करना ही सच्ची सेवा है। वृद्धजनों के अनुभव और आशीर्वाद समाज की अमूल्य धरोहर हैं।

कार्यक्रम के अंत में वृद्धजनों को भोजन वितरित किया गया। 'सेवा ही संकल्प और जनकल्याण ही उद्देश्य' की भावना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ

ग्राम देवनखेड़ी में घर ले जाने से पहले खलिहान में जल गई 4 एकड़ की सोयाबीन

डीआर संवाददाता>>इछावर। क्षेत्र के ग्राम देवनखेड़ी में खलिहान में रखी सोयाबीन की फसल में आग लगने से करीब 4 एकड़ की पूरी उपज जलकर राख हो गई। किसान ने किसी अज्ञात व्यक्ति पर फसल में आग लगाने का आरोप लगाया है। नुकसान की कीमत करीब 1 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार शाहपुर निवासी गुलाब सिंह ने इछावर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि उसके पिता देवी सिंह के नाम देवनखेड़ी में करीब 4 एकड़ कृषि भूमि है। इसी जमीन पर सोयाबीन की फसल बोई गई थी। 2 अक्टूबर को फसल की कटाई पूरी करने के बाद उपज को खलिहान में रख दिया गया था।

फसल को घर ले जाने की तैयारी चल रही थी।

3 अक्टूबर की सुबह गुलाब सिंह सोयाबीन की उपज देखने और उसे घर ले जाने के लिए खलिहान पहुंचा। वहां पहुंचने पर उसने देखा कि पूरी फसल जल चुकी थी। सोयाबीन की उपज आग की चपेट में आने से पूरी तरह नष्ट हो गई थी। किसान के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति ने फसल में आग लगाई है।

घटना के बाद गुलाब सिंह ने पुलिस को सूचना दी और थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आग किसने और किस कारण से लगाई, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटा रही है।

योजनाओं के हितग्राही लाभान्वित, नागरिकों की समस्याओं का हुआ समाधान

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सीहोर नगरीय निकाय सहित जिले के अन्य नगरीय निकायों में सेवा सेतु अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों के आवेदन एवं प्रकरणों का निराकरण किया।

शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं एवं शिकायतें दर्ज कराईं। संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा प्राप्त शिकायतों की सुनवाई करते हुए उनका यथासंभव मौके पर ही समाधान किया गया। नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सहजता और सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया।

अभियान के तहत विभिन्न नगरीय निकायों में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए गए। शिविरों में चिकित्सकों द्वारा नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक परामर्श दिया गया। जरूरतमंद नागरिकों को निशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। इससे नागरिकों को स्थानीय स्तर पर ही स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध हुई।

आपकी सरकार आपके द्वार के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का मौके पर हुआ निराकरण

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सेवा सेतु अभियान के तहत नगर पालिका परिषद सीहोर में 'आपकी सरकार आपके द्वार' की अवधारणा के अनुरूप बहु विभागीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं। अनेक समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया की गई।शविर में सामाजिक न्याय, श्रम, नगरीय प्रशासन एवं विकास, शिक्षा, ऊर्जा, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, राजस्व, खाद्य एवं आपूर्ति तथा स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। अधिकारियों द्वारा नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के निराकरण की कार्रवाई की गई। शिविर में बड़ी संख्या में शहरवासियों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नागरिकों को शासकीय योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लेने के लिए अलग–अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसी उद्देश्य से 'आपकी सरकार आपके द्वार' के माध्यम से विभिन्न विभागों को एक ही स्थान पर लाकर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा सेतु अभियान शासन और जनता के बीच की दूरी कम करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों से शिविर में प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए पात्र हितग्राहियों को समय–सीमा में लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएमओ सुधीर सिंह, विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी, पार्षद नरेंद्र राजपूत, कमलेश राठौर, श्री मांगीलाल मालवीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

चयनप्रक्रिया

दूसरे चरण में 30 खिलाड़ियों को दो टीमों में बांटकर कराया 40-40 ओवर का अभ्यास मैच

आज खेला जाएगा सिलेक्शन मैच, मंगलवार को होगा अंडर-15 जिला क्रिकेटटीम का गठन

डीआर संवाददाता>>सीहोर

मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित होने वाली अंतरजिला स्तरीय अंडर–15 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला क्रिकेट एसोसिएशन की चयन प्रक्रिया अब निर्णायक दौर में पहुंच गई है। बीएसआई मैदान पर जिलेभर से बड़ी संख्या में युवा क्रिकेटरों ने हिस्सा लिया। पंजीयन प्रक्रिया में 100 से अधिक खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया, जिसके बाद ट्रायल और अभ्यास सत्र के माध्यम से खिलाड़ियों के प्रदर्शन का आकलन किया जा रहा है।

रविवार को चयन प्रक्रिया के दूसरे चरण में चयनित 30 खिलाड़ियों को दो टीमों रेड टीम और ब्लू टीम में विभाजित कर 40–40 ओवर का अभ्यास मैच कराया गया। खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अब सोमवार सुबह 9रू30 बजे 50–50 ओवर का सिलेक्शन मैच खेला जाएगा। इसमें मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी पुनित चतुर्वेदी पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहेंगे। इसके बाद प्रदर्शन के आधार पर मंगलवार को अंडर–15 जिला टीम के गठन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा गत शुक्रवार से बीएसआई मैदान पर अंडर–15 चयन के लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरू की गई थी। सुबह से ही मैदान पर जिलेभर के खिलाड़ियों की भीड़ जुटने लगी थी। 100 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया, जिसमें भैरुंदा, बुधनी, आष्टा, इछावर, श्यामपुर, सीहोर, दोराहा, अहमदपुर, जावर, मेहतवाड़ा, बिलकिसगंज सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों के 15 वर्ष तक की आयु वाले खिलाड़ी शामिल हुए। प्रारंभिक चयन के बाद दूसरे चरण में 30 खिलाड़ियों को अभ्यास और चयन प्रक्रिया के लिए शामिल किया गया। इन खिलाड़ियों को दो टीमों में बांटकर अभ्यास मैच के माध्यम से उनकी वास्तविक खेल क्षमता को परखा गया।

40–40 ओवर के मुकाबले में दिखाया खेल कौशल

रविवार को रेड टीम और ब्लू टीम के बीच 40–40 ओवर का अभ्यास मैच खेला गया। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने अपनी बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण क्षमता का प्रदर्शन किया। चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों की तकनीक के साथ–साथ अनुशासन, फिटनेस, खेल भावना और दबाव में प्रदर्शन करने की क्षमता पर भी नजर रखी।

जमीन के विवाद में दो पक्ष भिड़े, महिला पर लाठी-डंडों से हमल

डीआर संवाददाता>>सीहोर। जिले के रोला गांव में जमीन को लेकर चल रहे विवाद में रविवार को दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान लाठी–डंडों से किए गए हमले में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बताई जा रही है।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि बिजोरी गांव के कुछ लोग पुरानी रंजिश के चलते जमीन पर कब्जा करने के इरादे से उनके साथ विवाद करने पहुंचे थे। परिवार के लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही आरोपियों ने लाठी–डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान बीच–बचाव करने पहुंची महिला को भी गंभीर चोटें आईं।

पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

घायल महिला के परिजनों ने पुलिस पर शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि पहले शिकायत पर कार्रवाई होती तो विवाद इतना नहीं बढ़ता। परिजनों ने मामले में आरो. पियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इधर, पुलिस का कहना है कि घटना की सूचना मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | आविनी कृष्ण 09– 2083 | सीहोर, दिन सोमवार, दिनांक 05 अक्टुबर 2026

न्यूज गैलरी

नेत्र परामर्श शिविर 6 अक्टूबर को

सीहोर। सेवा संकल्प, सेवा मेरा योगदान अभियान अंतर्गत जिला चिकित्सालय में में नेत्र परामर्श शिविर का आयोजन 6 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से नेत्र रोग ओपीडी कमरा 204 ब्लॉक–बी में आयोजित किया जाएगा। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय ने बताया कि शिविर में चिकित्सकीय टीम द्वारा आमजन एवं बुजुर्गों की आंखों की जांच एवं आवश्यक परामर्श किया जाएगा।

सेवा सेतु शिविरों में पहुंची जनता, योजनाओं का मिला लाभ

सीहोर। सेवा सेतु अभियान के तहत जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में शिविर आयोजित किए गए। इनमें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देकर आवेदन एवं प्रकरणों का निराकरण किया। शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर समस्याएं और शिकायतें दर्ज कराईं। संबंधित अधिकारियों ने शिकायतों की सुनवाई कर यथासंभव मौके पर समाधान किया। अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर भी लगाए गए, जहां चिकित्सकों ने नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। जरूरतमंदों को निशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं।

अवैध पार्किंग पर ट्रैफिक पुलिस सख्त, 7 चालान में 2500 वसूले

आष्टा। नगर में अवैध पार्किंग और बेतरतीब खड़े वाहनों से यातायात व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है। यातायात पुलिस ने रविवार को सख्ती दिखाकर कार्रवाई की। कार्रवाई के बाद फिर से वही स्थिति बन जाती है। आगामी दिनों में कृषि उपज मंडी में आक्क का सीजन शुरू होने वाला है। इसके पहले व्यवस्था बनाना जरूरी है। ताकि शहरवासी परेशान नहीं हों। यातायात पुलिस नगर की व्यवस्था सुधारने के लगातार प्रयास कर रही है। इसके बाद भी लोग नियमों का उल्लंघन नहीं रोक रहे। टीम ने भोपाल नाका, कॉलोनी चौराहा, तहसील चौराहा, पुरान स्टैंड, पुरानी सब्जी मंडी सहित प्रमुख चौराहों का भ्रमण किया। नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। कुल 7 चालान बनाए गए। 2500 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। चालकों को यातायात नियम, संकेत मानकर सुरक्षित वाहन चलाने की समझाइश दी गई।

अ. भा. राष्ट्रीय अध्यक्ष निवास बी की रैली में जिला अध्यक्ष खंगराले

सीहोर। मप्र. कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अविनाश भार्गव के निर्देशन में जिला कांग्रेस सेवादल देवास द्वारा राष्ट्रपिता महात्मागांधी की जयंती के उपलक्ष्य में भोपाल चौराहा गांधी प्रतिमा मीना बाजार देवास से हजारों की संख्या में सद्भावना संकल्प पदयात्रा रैली निकाली गई, जो कलेक्टर कार्यालय देवास के समक्ष आयोजित स्थल पर पहुंची। सीहोर के अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले के नेतृत्व में जिले से कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ता भारी संख्या में पहुंचे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष निवास बी.बी.जी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता म.प्र. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतु पटवरी द्वारा की गई तथा विशेष अतिथि के रूप में पूर्व सांसद पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय पदाधिकारी महेन्द्र जोशी, प्रदेश कांग्रेस सेवादल प्रभारी प्रताप नारायण

मौसम मानसून की विदाई के बाद जिले में जल संकटकी चिंताय 66 में से 60 जलाशय पूरी तरह नहीं भर पाए

42.81 इंच बारिश के साथ सीहोर तहसील सबसे आगे, जावर में सबसे कम बरसा पानी

डीआर संवाददाता»सीहोर

मध्यप्रदेश सहित सीहोर जिले से मानसून की आधिकारिक विदाई हो गई है। 24 जून को दस्तक देने के बाद करीब 100 दिन सक्रिय रहा मानसून 3 अक्टूबर को प्रदेश से पूरी तरह विदा हो गया। इस बार जिले में बारिश का वितरण असमान रहा। पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण सीहोर प्रदेश के उन 30 जिलों में शामिल हो गया, जहां सामान्य बारिश का कोटा पूरा नहीं हो सका। प्रदेश के 25 जिलों में औसत बारिश पूरी हुई है।

भू–अभिलेख विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस मानसून सीजन में सीहोर तहसील 42.81 इंच बारिश के साथ जिले में सबसे आगे रही। पिछले वर्ष यहां 36.46 इंच बारिश हुई थी। वहीं जावर में सबसे कम 25.31 इंच बारिश दर्ज की गई, जबकि पिछले साल यहां 31.50 इंच बारिश हुई थी। जिले में 1 जून

से 30 सितंबर तक औसत बारिश 34.08 इंच रही, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में दर्ज 41.63 इंच की तुलना में काफी कम है।

बुदनी–रेहटी भी इस बार पिछड़े

आमतौर पर अधिक बारिश वाले बुदनी और रेहटी क्षेत्र भी इस बार पीछे रहे। भैरुंदा में 37.28 इंच, रेहटी में 35.52 इंच, आष्टा में 35.28 इंच, बुदनी में 32.76 इंच, इछावर में 31.97 इंच और श्यामपुर में 31.70 इंच बारिश दर्ज की गई। पिछले वर्ष की तुलना में बुदनी और रेहटी में बारिश में बड़ी कमी रही।

66 में से 60 जलाशय अधूरे

कम बारिश का असर जिले के जल स्रोतों पर भी दिखाई दे रहा है। सिंचाई विभाग के नियंत्रण वाले 66 जलाशयों में से केवल कुछ जलाशय ही पूरी क्षमता के करीब पहुंच सके हैं, जबकि 60 जलाशय पूरी तरह नहीं भर पाए। भगवानपुरा जलाशय में 6.71 एमसीएम क्षमता के मुकाबले 2.69 एमसीएम, जमोनिया में 11.32 के मुकाबले 4.53 एमसीएम और रामपुरा में 11.83 के मुकाबले 3.60 एमसीएम पानी है। दोराहा जलाशय में 15.54 एमसीएम क्षमता के मुकाबले 11.73 एमसीएम पानी दर्ज किया गया है।

रबी और पेयजल आपूर्ति पर चिंता

जलाशयों में पर्याप्त पानी नहीं होने से आगामी रबी सीजन में किसानों की बोहनी और सिंचाई प्रभावित होने की आशंका है। वहीं भूजल स्तर कम रहने पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गर्मी के दौरान पेयजल संकट की स्थिति भी बन सकती है।

अक्टूबर में दिन गर्म, रात में ठंडक

मानसून की विदाई के बाद अक्टूबर में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। दिन में तेज धूप के कारण तापमान बढ़ने, जबकि रात में तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे जाने से हल्की ठंडक रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने 7 अक्टूबर को जिले के कुछ हिस्सों में गरज–चमक, तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश

विश्राम मेवाड़ा मौत मामले में जांच तेज, संदिग्धों से थाने में पूछताछ

डीआर संवाददाता» आष्टा

पार्वती थाना क्षेत्र के ग्राम छापरी निवासी विश्राम मेवाड़ा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। रविवार को पुलिस ने 18 सितंबर की घटना से जुड़े कुछ संदिग्ध लोगों को थाने बुलाकर पूछताछ की। पुलिस अब किला मंदिर परिसर के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग भी खंगाल रही है, ताकि मौत से पहले हुई घटनाओं के संबंध में सुराग मिल सके।

विश्राम ने 19 सितंबर को जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। शुरुआत में मौत का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया था। मामले में सामने आई जानकारी के अनुसार, मौत से एक दिन पहले 18 सितंबर को विश्राम को किला स्थित जैन मंदिर में महिलाओं के वीडियो बनाने के आरोप में पकड़े जाने और उसके साथ मारपीट किए जाने की बात सामने आई थी। इसके बाद 19 सितंबर को उसका मोबाइल भी गायब होने की जानकारी मिली थी।

पुलिस अब तक विश्राम के परिजनों, जहां वह काम करता था उस दुकान के संचालक तथा 18 सितंबर की घटना से जुड़े लोगों से पूछताछ कर चुकी है। रविवार को सूरज माली के बयान दर्ज किए गए। अन्य संदिग्धों के आष्टा से बाहर होने के कारण उनके बयान नहीं हो सके हैं। पुलिस के अनुसार, उनके बयान जल्द लिए जाएंगे।

पुलिस ने 29 सितंबर को विश्राम का मोबाइल जब्त कर साइबर जांच के लिए भेजा है। अब सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल जांच की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

इधर, मेवाड़ा राजपूत समाज ने सोमवार को कैंडल मार्च निकालने का ऐलान किया है। इसके चलते मामले में पुलिस पर जल्द निष्कर्ष तक पहुंचने का दबाव बढ़ा है। विश्राम के परिवार में दो छोटे बच्चे हैं। उसकी मौत के बाद परिवार के सामने भरण–पोषण का संकट भी खड़ा हो गया है।

प्रतियोगिता: पांच राउंड में हुआ मुकाबलाय कक्षा 12 की टीम रही विजेता

डीआरसंवाददाता›चरनल।

गायत्री विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान और बौद्धिक क्षमता को बढ़ावा देने के लिए जीके प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यालय की आठ टीमों ने भाग लिया। पांच राउंड में हुई प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में कक्षा 12 हिंदी माध्यम की टीम ने प्रथम, कक्षा 8 की टीम ने द्वितीय और कक्षा 9 की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ सामान्य ज्ञान से जोड़ना और उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा व टीम भावना विकसित करना है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. भुवन गौर ने किया। संस्था संचालक राजेंद्र गौर ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि मायाराम गौर, मंडल अध्यक्ष प्रीतम गौर,संकल प्रभारी मुकेश शाक्य, शिक्षक रामप्रकाश तिवारी, सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विजेती टीम को पुरूस्कृत किया

छठे दिवस कथा व्यास ने सुनाया गयासुर से जुड़ा प्रसंग, भजनों पर भक्तिभाव में झूमे श्रद्धालु, आज होगा महाप्रसादी के साथ समापन

डीआर संवाददाता›चरनाल

सुल्तानपुरा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिवस कथा व्यास पंडित अजय शास्त्री ने गयाजी से संबंधित धार्मिक प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को गयासुर की कथा सुनाते हुए पिंडदान और पितरों के तर्पण के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला।

कथा व्यास ने बताया कि भगवान श्रीहरि ने गयासुर को वरदान दिया था कि जो भी श्रद्धालु श्राद्ध पक्ष में गयाजी

पहुंचकर अपने पितरों के लिए तर्पण और पिंडदान करेंगे, उनके पितरों का उद्धार होगा और उन्हें स्वर्ग की प्राप्ति होगी। उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गयाजी में सर्वप्रथम पिंडदान माता सीता के हाथों हुआ था। कथा के दौरान इस प्रसंग के माध्यम से श्रद्धालुओं को पितरों के प्रति श्रद्धा और धार्मिक परंपराओं के महत्व से अवगत कराया गया। पंडित अजय शास्त्री ने कहा कि धार्मिक कथाएं मनुष्य को भक्ति, आस्था और संस्कारों से जोड़ने का माध्यम हैं। श्रीमद्भागवत कथा के प्रसंगों में जीवन को बेहतर बनाने के साथ धर्म और कर्तव्य का संदेश भी निहित है। कथा के दौरान भजनों की प्रस्तुति भी हुई। भजनों के बीच श्रद्धालु भक्तिभाव में नजर आए। कथा स्थल पर पूरे समय धार्मिक और भक्तिमय वातावरण बना रहा। ग्रामीणों सहित आसपास के श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया और आयोजन में सहभागिता की। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं।

फोरलेन पर कट नहीं होने से बढ़ी परेशानी, सोनिया नगर के रहवासियों ने उठाई मांग

डीआर संवाददाता›बिलकिसगंज।

सीहोर–भोपाल निर्माणाधीन फोरलेन मार्ग पर बिलकिसगंज जोड़ से पेट्रोल पंप जोड़ के बीच सोनिया नगर के सामने डिवाइडर में कट प्वाइंट बनाने की मांग जोर पकड़ रही है। रहवासियों ने इस संबंध में मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग के नाम ठेकेदार को सामूहिक आवेदन सौंपकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

रहवासियों के अनुसार फोरलेन के बीच करीब 5 फीट चौड़ा डिवाइडर बनाया गया है। बिलकिसगंज जोड़ से पेट्रोल पंप जोड़ के बीच किसी स्थान पर एग्जिट या कट प्वाइंट नहीं है। सोनिया नगर में करीब 200 से 250 आवास और भवन हैं। कॉलोनी में आने–जाने के लिए गुप्ता किराना स्टोर और तपस्या कंगन स्टोर के बीच से एकमात्र सीसी रोड है। ऐसे में फोरलेन पर कट नहीं होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सीहोर–भोपाल जाने अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है

रहवासियों ने बताया कि सोनिया नगर से सीहोर या भोपाल की ओर जाने के लिए लोगों को बिलकिसगंज जोड़ अथवा पेट्रोल पंप चौराहे तक जाना पड़ता है। इसके बाद वापस संबंधित दिशा में आना पड़ता है। इससे रोजाना वाहन चालकों को अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है और समय भी अधिक लग रहा है।

रहवासियों का कहना है कि कई वाहन चालक दूरी बचाने के लिए गलत दिशा से निकलने का प्रयास करते हैं। इससे फोरलेन पर आमने–सामने वाहन आने की स्थिति में दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। क्षेत्र में पहले भी सड़क दुर्घटनाएं होती रही हैं, इसलिए निर्माण के दौरान ही सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

कट के साथ स्मार्ट स्पीड ब्रेकर की मांग

रहवासियों ने सोनिया नगर के प्रवेश मार्ग के सामने डिवाइडर में नियमानुसार कट प्वाइंट बनाने की मांग की है। साथ ही सड़क पर स्मार्ट स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग भी रखी है। उनका कहना है कि कट बनने से स्थानीय लोगों का आवागमन आसान होगा और उन्हें अनावश्यक दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी।

सुरेंद्र सिंह राठौर को राष्ट्रीय मंत्री की जिम्मेदारी, सीहोर के समाजजनों ने जताई

डीआर संवाददाता» सीहोर।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अखिल भारतीय क्षत्रिय राठौर महासभा का राष्ट्रीय शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नवनियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने समाज सेवा, संगठन की मजबूती, सामाजिक एकता और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए निष्ठा के साथ कार्य करने की शपथ ली।

समारोह में एल्डरमेन हर्षा–सुरेंद्र सिंह राठौर को महासभा में राष्ट्रीय मंत्री का दायित्व सौंपा गया। उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर सीहोर सहित क्षेत्र के राठौर समाजजनों में खुशी का माहौल है। समाजजनों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि उनकी सक्रिय भूमिका से संगठन को मजबूती मिलेगी।कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रतन सिंह, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष देवीलाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष रामविलास राठौर, राष्ट्रीय मंत्री राजेंद्र भदौरिया, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सीमा संजय राठौर, सर्वोच्च समिति सदस्य पवन राठौर, पार्षद मनोज राठौर सहित विभिन्न पदाधिकारी और समाजजन मौजूद रहे।समारोह में समाज की एकता, संगठन के विस्तार, युवाओं को आगे बढ़ाने, शिक्षा के प्रति जागरूकता और जरूरतमंद समाजजनों के सहयोग जैसे विषयों पर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने समाजहित में सामूहिक रूप से कार्य करने तथा युवाओं को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने का संकल्प लिया।

एसआईआर बीएलओ शिफ्टेड और अनुपस्थित मतदाताओं से भरवाएंगे फॉर्म-6, कॉलेजों में नए मतदाताओं के लिए लगेंगे शिविर

एसआईआर में कटे नाम फिर जुड़ेंगे, अक्टूबर में घर-घर चलेगा अभियान

डीआर संवाददाता» सीहोर

एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से बाहर हुए पात्र मतदाताओं के नाम दोबारा जोड़ने के लिए निर्वाचन आयोग अक्टूबर में विशेष अभियान चलाएगा। अभियान के तहत बीएलओ घर–घर पहुंचकर शिफ्टेड और अनुपस्थित श्रेणी में दर्ज मतदाताओं की जानकारी जुटाएंगे। पात्र पाए जाने पर उनसे फॉर्म–6 भरवाकर नाम दोबारा मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे।

एसआईआर से पहले जिले में 10 लाख 26 हजार 574 मतदाता थे। चार माह चले विशेष अभियान के बाद 21 फरवरी को जारी सूची में विभिन्न कारणों से 28 हजार 728

नाम कम हुए और कुल मतदाताओं की संख्या 9 लाख 97 हजार 846 रह गई। सर्वे में 9,164 मतदाताओं की मृत्यु, 6,422 के मौके पर नहीं मिलने और 24,910 के दूसरी जगह शिफ्ट होने की जानकारी सामने आई। वहीं 2,673 दोहराए गए नाम मिले। अन्य कारणों से 262 मतदाता अपात्र पाए गए, जबकि 1,954 मतदाता वर्ष 2003 की सूची से मिलान नहीं होने के कारण अपात्र हुए।

विधानसभा क्षेत्रवार सीहोर में सबसे अधिक 14,384 मतदाताओं की कमी हुई। बुदनी में 6,236, इछावर में 4,425 और आष्टा में 3,683 नाम कम हुए।

कॉलेजों में नए मतदाताओं के लिए शिविर

मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने के लिए कॉलेजों में भी शिविर लगाए जाएंगे। बीएलओ 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं से आवेदन भरवाकर उनके नाम सूची में शामिल कराएंगे।

महिला मतदाताओं का अनुपात घटा

एसआईआर के बाद जिले का जेंडर रेशो 929 से घटकर 927 रह गया है। वर्ष 2026 की अंतिम सूची में 5 लाख 17 हजार 850 पुरुष, 4 लाख 79 हजार 974 महिलाएं और 22 अन्य मतदाता हैं।

85 वर्ष से अधिक उम्र के 16,705 मतदाता

जिले में 85 वर्ष से अधिक उम्र के 16,705 मतदाता हैं। इनमें आष्टा में 6,340, इछावर में 3,803, बुदनी में 3,716 और सीहोर में 2,846 मतदाता शामिल हैं। वहीं 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 11,843 मतदाता दर्ज हैं।

स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने और विकसित भारत के निर्माण का दिया संदेश

डीआर संवाददाता» आष्टा

सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से स्वदेशी से समृद्धि, आत्मनिर्भरता और विकसित भारत की कल्पना को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया। विभिन्न समूहों द्वारा बनाई गई रंगोलियों में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, राष्ट्रीय भावना और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिखाई दिया।कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष अंजनि विशाल चौरसिया, वरिष्ठ पत्रकार सुशील संचेती, भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रितू आनंद जैन, एल्डरमेन चंदा वोहरा, अधिवक्ता एवं समाजसेवी नगीनचन्द्र जैन तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी नीलेश सक्सेना मौजूद रहे। विद्यालय प्राचार्य सितवत खान ने अतिथियों का स्वागत किया।विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के साथ आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। अतिथियों ने विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और रचनात्मकता की सराहना की।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ आश्विनी कृष्ण पक्ष-09, 2083 विदिशा, दिन सोमवार, दिनांक 05 अक्टूबर, 2026

न्यूज गैलरी

शहर में आज दो फीडरों पर बिजली कटौती

विदिशा। मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आज शहर के अलग-अलग इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहने की सूचना दी है। कटौती आरडीएसएस योजना के तहत 11 केवी मुखर्जीनगर फीडर और 11 केवी बाल विहार फीडर पर लाइन कार्य के कारण होगी। 11 केवी बालविहार फीडर में बैंक ऑफ बड़ौदा से बर्खपुरा चौराहा तक के आसपास के क्षेत्र में बिजली सप्लाई सुबह 10रू30 बजे से 12रू00 बजे तक बाधित रहेगी।

मेडिकल क०लेज में छक्त्थ् का आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

विदिशा। अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। उद्देश्य आपदा और आपातकालीन हालात में प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना रहा। प्रशिक्षण से अस्पताल की आपदा प्रबंधन तैयारियों को सुदृढ़ करने पर जोर रहा। चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे।

दुर्गा उत्सवः तैयारी पर समिति की बैठक आज

विदिशा। सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति ने श्री दुर्गा उत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर 5 अक्टूबर 2026 को शाम 4 बजे बैठक बुलाई है। बैठक समिति के नवीन संपर्क कार्यालय, नपा के सामने फायर ब्रिगेड कार्यालय के पास होगी। श्री दुर्गा उत्सव के आयोजन और दशहरा विसर्जन चल समारोह की रूपरेखा पर चर्चा होगी।

34 ग्राम पंचायतों में 200 किसानों की बनाई आईडी

विदिशा। सेवा सेतु अभियान के तहत किसानों को डिजिटल पहचान से जोड़ने के लिए गुलाबगंज तहसील की 34 ग्राम पंचायतों में विशेष कैंप आयोजित किए गए। इनमें 200 किसानों की फार्मर आईडी तैयार की गई। इन शिविरों में किसानों को फार्मर आईडी बनाने की प्रक्रिया और उसके महत्व की जानकारी दी गई। तहसीलदार अरविंद यादव ने बताया कि सौजना, हथियाखेड़ा, गूलरखेड़ी, सुमेर बरी और वन जागीर सहित 34 ग्राम पंचायतों में कैंप लगाए गए। फार्मर आईडी से किसानों को शासकीय योजनाओं और कृषि सेवाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। इससे उन्हें आवश्यक कार्यों के लिए कार्यालयों के चक्कर भी कम लगाने पड़ेंगे।

कुरवाई तहसील परिसर में किया पौधरोपण

कुरवाई। सेवा सेतु अभियान के तहत रविवार को कुरवाई तहसील परिसर में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीएम मोतीलाल अहिरवार की उपस्थिति में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि सेवा सेतु अभियान के माध्यम से शासकीय सेवाओं के साथ सामाजिक सरोकारों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधों की देखभाल का संकल्प लिया।

---

79 वोट से राधेश्याम माहेश्वरी फिर बने अध्यक्ष, रीतेश अग्रवाल उपाध्यक्ष

महेंद्र जैन ने 7 वोट से जीता महामंत्री पद, यश जैन मंत्री और संजीव जैन कोषाध्यक्ष निर्वाचित

पुरानी गल्लामंडी स्थित संघ कार्यालय में संपन्न हुआ।

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

अनाज तिलहन व्यापार उत्थान कल्याण संघ का त्रिवार्षिक निर्वाचन रविवार को पुरानी गल्लामंडी स्थित संघ कार्यालय में संपन्न हुआ। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान कराया गया। इसके बाद मतगणना शुरू हुई और रात करीब 8.30 बजे चुनाव परिणाम घोषित किए गए। अध्यक्ष पद पर राधेश्याम माहेश्वरी ने 79 वोट के अंतर से जीत दर्ज कर लगातार दूसरी बार संघ की कमान संभाली।

अध्यक्ष पद के लिए राधेश्याम माहेश्वरी और गजेंद्र रघुवंशी के बीच मुकाबला हुआ। माहेश्वरी को 182 वोट मिले, जबकि गजेंद्र रघुवंशी को 103 मत प्राप्त हुए। इस तरह माहेश्वरी 79 वोट से विजयी रहे।

उपाध्यक्ष पद पर रीतेश अग्रवाल और यशवंत साहू आमने-सामने थे। रीतेश अग्रवाल को 168 और यशवंत साहू को 114 वोट मिले। रीतेश ने 54 वोट के अंतर से जीत हासिल की।

महामंत्री पद पर मुकाबला बेहद करीबी रहा। महेंद्र जैन को 144 और विवेक जैन कुमेड़िया को 137 वोट मिले। महज 7 वोट के अंतर से महेंद्र जैन महामंत्री निर्वाचित हुए। मंत्री पद पर यश जैन ने 24 वोट से जीत दर्ज की। उन्हें 151 वोट मिले, जबकि सौमिल अग्रवाल को 127 वोट मिले। कोषाध्यक्ष पद के लिए संजीव जैन और विजय अग्रवाल के बीच मुकाबला हुआ। संजीव जैन को 144 और विजय अग्रवाल को 138 मत प्राप्त हुए। संजीव ने 6 वोट के अंतर से जीत दर्ज की।

चार महासंघ प्रतिनिधि भी चुने गए

महासंघ प्रतिनिधि के लिए पांच प्रत्याशी मैदान में थे, जिनमें से चार का निर्वाचन होना था। बृजेश जैन को सर्वाधिक 226 वोट मिले। अमित उपाध्याय को 200, राकेश बंसल को 188 और कुलदीप गुप्ता को 175 मत मिले। विजय अग्रवाल को 138 वोट प्राप्त हुए और उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

300 मतदाताओं में 294 ने किया मतदान

अनाज तिलहन व्यापार उत्थान कल्याण संघ में कुल 300 मतदाता हैं। इनमें छह टेंडर वोट पहले ही डाले जा चुके थे। मतदान के दौरान 294 मतदाताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लिया। मतदान केंद्र पर व्यवस्था के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। निर्वाचन अधिकारियों की निगरानी में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

चुनाव में तीन रंगों के मतपत्र का इस्तेमाल किया गया। नीला मतपत्र अध्यक्ष और महामंत्री पद के लिए, गुलाबी मतपत्र उपाध्यक्ष, मंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए तथा पीला मतपत्र व्यापार महासंघ के चार संचालकों के निर्वाचन के लिए था।

परिणाम घोषित होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। नई टीम के सामने संघ के कामकाज में सुधार और व्यापारियों से जुड़े मुद्दों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी होगी। संघ के विकास और व्यापारिक हितों के लिए नई दिशा तय किए जाने की उम्मीद है।अगर चाहें तो मैं इसका ''एक और ज्यादा दमदार वेबसाइट हेडिंग, 2 लाइन सबहेडिंग'' वाला संस्करण भी बना सकता हूं।

सेवा सेतु शिविर में खाली रहीं कुर्सियां, आवेदकों का इंतजार करते रहे अधिकारी

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिसर में रविवार को सेवा सेतु अभियान के तहत विशेष शिविर लगाया गया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले शिविर में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे, लेकिन आम नागरिकों की संख्या बेहद कम रही। अधिकांश विभागों के स्टॉल पर दिनभर में केवल एक-दो आवेदक ही पहुंचे।

शिविर में अधिकारी-कर्मचारी अपनी टेबल पर बैठकर आवेदकों का इंतजार करते नजर आए। कई जगह कुर्सियां खाली रहीं। कम संख्या में लोगों के पहुंचने से शिविर के प्रचार-प्रसार की व्यवस्था पर सवाल उठे। समय पर पर्याप्त जानकारी नहीं मिलने से बड़ी संख्या में पात्र नागरिक योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए।

मुनादी और मीडिया से सूचना देने का दावा

एसडीएम मनीष जैन ने बताया कि शिविर की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए शहर में लाउडस्पीकर से मुनादी कराई गई थी। मीडिया के माध्यम से भी सूचना प्रसारित की गई। शिविर में पहुंचे हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया और प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजकर निराकरण कराया गया।

सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर ने बताया कि रविवार को जिलेभर के शिविरों के माध्यम से अब तक करीब 10 हजार हितग्राही लाभान्वित हो चुके हैं। नागरिक कार्यदिवस में नपा कार्यालय पहुंचकर भी अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं।

कलश यात्रा के साथ गौरी मंदिर में शुरू हुई भागवत कथा

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

पितृपक्ष के अवसर पर डंडापुरा स्थित गौरी मंदिर के पास नेमा परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सात दिवसीय कथा का आयोजन 4 से 10 अक्टूबर तक होगा।

आयोजन के पहले दिन रविवार को नेमा समाज के हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। सुसज्जित रथ पर भगवान राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकी सजाई गई। बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर यात्रा में शामिल हुईं। बैंड-बाजों के साथ यात्रा कथा स्थल पहुंची, जहां विधि-विधान से देवी-देवताओं का आह्वान किया गया।

कथा व्यास प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं श्रीमद् भागवत के विद्वान आचार्य विष्णु प्रसाद शास्त्री महाराज प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से कथा का वाचन करेंगे। पहले दिन उन्होंने पंडित आत्मदेव की कथा के माध्यम से श्रीमद् भागवत के महात्म्य का वर्णन किया। कथा का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। आयोजन पूर्वजों की स्मृति और जनकल्याण के उद्देश्य से किया जा रहा है।

योजनाओं से वंचित व्यक्ति मिला तो 9,176 रुपए का पुरस्कार

डीआर संवाददाता ⏭ कुरवाई

सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु अभियान का खंड स्तरीय कार्यक्रम नगर परिषद के क्लब माउंड में 'आपकी सरकार आपके द्वार' के नाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक ने दावा किया कि मध्यप्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा कोई व्यक्ति मिल जाता है, जिसे योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, तो उसे 9,176 रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

कार्यक्रम में पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही चेक और स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। करीब 100 हितग्राहियों को तत्काल योजनाओं का लाभ मिला। राष्ट्रीय आजीविका मिशन से लाभान्वित स्व-सहायता समूहों की महिलाएं भी कार्यक्रम में शामिल हुईं।

इस दौरान एसडीएम मोतीलाल अहिरवार, तहसीलदार संदीप शर्मा, पठारी तहसीलदार प्रेमलता पाल, नगर परिषद सीएमओ गीता मांझी, पूर्व सैनिक एवं शिक्षक प्रमोद सिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक मौजूद रहे।

10 घंटे का वादा, मिल रही 6 घंटे बिजली, उत्पादन घटने की आशंका

डीआर संवाददाता ⏭ ग्यारसपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कंपनी की अघोषित कटौती से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। सरकार कृषि पंपों के लिए रोजाना 10 घंटे निर्बाध बिजली देने का दावा करती है, लेकिन किसानों के अनुसार उन्हें मुश्किल से 6 से 7 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। इस बार मानसून की जल्दी विदाई के कारण की फसल को पहले ही पर्याप्त पानी नहीं मिल सका है। ऐसे में ऐन वक्त पर हो रही कटौती से फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है। धान नटेरन, कागपुर, नया गोला और अहमदपुर सहित दर्जनों गांवों में यह संकट अधिक गहराया हुआ है। किसान ट्यूबवेल चलाकर धान के कटौती ऊपर से हुई है

मांग और आपूर्ति में संतुलन और आपूर्ति में सतुल बनाने के लिए जबलपुर स्तर से ही महज एक घंटे की कटौती की जा रही है। स्थानीय स्तर पर कटौती के कोई आदेश नहीं हैं और न ही दो-तीन घंटे की कटौती की जा रही है। यदि कहीं स्थानीय तकनीकी खराबी की समस्या है तो व्यवस्था में जल्द सुधार किया जाएगा। अवधेश त्रिपाठी, एसई, बिजली कंपनी, विदिशाखेतों में पानी भरने की जद्दोजहद कर रहे हैं। उनका कहना है कि समय पर पानी नहीं मिला तो दाना पकने से पहले ही बालियां सूख सकती हैं।

प्रेरणा-मंच का व्याख्यान पर्व: वक्ताओं ने सत्य अहिंसा, सत्याग्रह और जीवन मूल्यों पर रखे विचार

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की स्मृति में प्रेरणा-मंच की ओर आईआईएचआरडी कॉलेज में व्याख्यान-पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

प्रदीप जैन पारस ने गांधीजी का प्रिय भजन श्वैष्णव जन तो तेने कहियेश प्रस्तुत किया। डॉ. कमल चतुर्वेदी ने कहा कि गांधीजी को जितना पढ़ा और समझा जाए, उनके व्यक्तित्व के नए आयाम सामने आते हैं। डॉ. रेखा श्रीवास्तव ने गांधीजी के जीवन मूल्यों, नशामुक्ति और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। नवनीता विदिशा। आईआईएचआरडी कॉलेज में व्याख्यान-पर्व का आयोजन किया गया।

पांडेय ने गांधीजी के तीन बंदरों की उपयोगिता बताई, जबकि संतोष नामदेव ने गांधीजी को लिखे पत्र का वाचन किया।

मुख्य वक्ता गांधीवादी विचारक प्रो. अरविंद द्विवेदी ने गांधीजी को क्रांति और शांति का संगम बताया।

प्राचार्य डॉ. रुद्रनारायण शुक्ल और डायरेक्टर संजय सिंह चौहान ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के महत्व पर विचार रखे। अध्यक्षता गोविंद देवलिया ने की।

स्वास्थ्य शिविर गर्भवती महिलाओं की जांच और हाई रिस्क मामलों के उपचार पर रहा विशेष जोर, दिव्यांग प्राण-पत्र जारी

स्वास्थ्य शिविरों में 1075 मरीजों की जांच, 1000 आयुष्मान कार्ड बनाए

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

जन सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत रविवार को जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और एक ही स्थान पर जांच, उपचार, टीकाकरण, स्वास्थ्य परामर्श तथा शासकीय योजनाओं से जुड़ी सेवाओं का लाभ लिया। जिलेभर में आयोजित शिविरों में कुल 1075 मरीजों की ओपीडी दर्ज की गई। वहीं, करीब 1000 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित शिविरों में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच और उपचार पर विशेष ध्यान दिया गया। कुल 65 गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच की गई। हाई रिस्क और मॉडरेट एनीमिया से पीड़ित महिलाओं को आयरन सुक्रोज दिया गया। छह हाई रिस्क पीआईएच गर्भवती महिलाओं का प्रबंधन किया गया, जबकि तीन हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कराया गया। गंभीर एनीमिया से पीड़ित एक गर्भवती महिला का उपचार किया गया और एक अन्य महिला को ब्लड ट्रांसफ्यूजन दिया गया।

शिविरों में गैर-संचारी रोगों से संबंधित 197 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। 12 बच्चों का टीकाकरण किया गया। दो प्रसूता महिलाओं को प्रसूति सहायता योजना के तहत चेक वितरित किए गए। आयुष सेवाओं के अंतर्गत 58 मरीजों का आयुर्वेदिक और 96 मरीजों का होम्योपैथिक पद्धति से उपचार किया गया। इसके अलावा चार किशोरी बालिकाओं की हीमोग्लोबिन जांच भी की गई।

50 दिव्यांगजनों की स्क्रीनिंग, 25 को प्रमाण-पत्र

स्वास्थ्य शिविरों के दौरान 50 दिव्यांगजनों की स्क्रीनिंग की गई। जांच के बाद 25 बच्चों को दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी किए गए। अधिकारियों ने बताया कि शिविरों का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के साथ शासन की योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। आयुष्मान कार्ड बनने से पात्र हितग्राहियों को संबंधित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी।

सेवा सेतु अभियान: नपा परिसर में 25 विभागों के स्टॉल लगाए

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

सेवा सेतु अभियान के तहत रविवार को नगर पालिका परिसर में विशेष शिविर आयोजित किया गया। श्सरकार आपके द्वारश की तर्ज पर लगाए गए इस शिविर में करीब 25 विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ प्रदान किया गया।

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना और संबल योजना सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। अधिकारियों के अनुसार, अभियान का उद्देश्य लोगों को सरकारी दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत दिलाना और शासकीय सेवाओं का लाभ सीधे उन तक पहुंचाना है।

17 अक्टूबर तक चलेगा अभियानः एसडीएम मनीष जैन

ने बताया कि सेवा सेतु अभियान 17 सितंबर से शुरू हुआ है, जो 17 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत 25 तरह की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के दौरान अब तक 650 से अधिक यूनिट रक्तदान भी किया जा चुका है।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन | आश्विनी कृष्ण पक्ष-09, 2083 | राजगढ़, दिन रविवार, दिनांक 05 अक्टूबर, 2025

न्यूज गैलरी

नाक-कान-गला दिव्यांगों के लिए शिविर आज होगा

राजगढ़। नाक, कान एवं एवं गला (ईएनटी) संबंधी दिव्यांगों के लिए 5 अक्टूबर यानी आज को जनपद शिक्षा केंद्र, उत्कृष्ट विद्यालय के पीछे राजगढ़ में शिविर आयोजित होगा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा हितग्राहियों का परीक्षण किया जाएगा। जरूरत के अनुसार दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाने की कार्रवाई भी की जाएगी। जिले के ईएनटी संबंधी दिव्यांगजनों से निर्धारित तिथि और स्थान पर उपस्थित होकर शिविर का लाभले सकते हैं।

कलेक्टर के नाम-फोटो से बनाई फर्जी फेसबुक आईडी, लोगों से मांगे रुपए

राजगढ़। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के नाम और फोटो का दुरुपयोग कर अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी फेसबुक आईडी बनाई है। इस आईडी के जरिए लोगों से पैसों की मांग की जा रही है। प्रशासन ने – नागरिकों को सतर्क करते हुए कहा है कि इस अकाउंट से आने वाले किसी भी संदेश, अनुरोध या पैसों की मांग के झांसे में न आएं। किसी भी स्थिति में पैसे ट्रांसफर नहीं करें और व्यक्तिगत या बैंकिंग जानकारी साझा न करें। ऐसी गतिविधि की जानकारी तत्काल संबंधित अधिकारियों या पुलिस को दें। री बिगड़ने पर शरीर के दूसरे अंग भी प्रभावित होने का खतरा रहता है। हालांकि वैष्णवी की मौत के सटीक कारण की पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट और चिकित्सकीय जांच से ही होगी।

बापू और शास्त्री जी का स्मरण कर किया श्रमदान

पिपरई। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार शुक्रवार को सांदीपनि विद्यालय पिपरई में स्वच्छ भारत दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस अवसर पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया तथा पेड़-पौधों को पानी देकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यालय को स्वच्छ रखने में प्रयासरत स्वच्छता कर्मियों का माला पहनाकर विशेष सम्मान किया गया। प्राचार्य मंगलेश शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने और दूसरों को जागरूक करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में राजीव जैन, रेखा विश्वकर्मा सहित समस्त शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

नप में जनप्रतिनिधियों व स्टाफ ने किया श्रमदान

पिपरई। गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर नगर परिषद पिपरई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सीएमओ, पार्षदों और कर्मचारियों ने स्वयं श्रमदान कर कचरा एकत्र किया और नगरवासियों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। इसके साथ ही परिसर में लगे पेड़-पौधों में पानी देकर उनके संरक्षण व पर्यावरण को हरा-भरा रखने का संकल्प

प्रसूता की मौत के बाद जिला अस्पताल में हंगामा, नर्स पर रुपए लेने का आरोप

ब्लीडिंग के बाद समय पर इलाज नहीं मिलने का परिजनों ने लगाया

डीआर संवाददाता ⏭ राजगढ़

अमरी बाई

"राजगढ़।" जिला अस्पताल में प्रसव के कुछ घंटे बाद प्रसूता अमरी बाई की मौत के बाद रविवार को परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में हंगामा कर धरना दिया। परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर इलाज में लापरवाही और प्रसव के लिए नर्स द्वारा रुपए लेने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि प्रसव के बाद अमरी बाई को ब्लीडिंग शुरू हुई, लेकिन समय पर उपचार नहीं मिलने से उसकी हालत बिगड़ गई। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने मौत का कारण खून का थक्का हृदय में फंसना बताया है। मामले की जांच और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की स्थिति स्पष्ट होगी। परिजनों के अनुसार शनिवार दोपहर अमरी बाई को प्रसव के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। वहां मौजूद नर्स ने बच्चे की स्थिति गंभीर बताते हुए प्रसव कराने के लिए 5 हजार रुपए मांगे। आर्थिक स्थिति कमजोर होने की बात कहने पर कथित तौर पर 2 हजार रुपए में बात तय हुई। मृतका के पति दिनेश ने नर्स को 2 हजार रुपए दिए। शाम करीब 5रू30 बजे अमरी बाई ने बच्ची को जन्म दिया। परिजनों के अनुसार बच्ची स्वस्थ थी।इसके बाद दिनेश मजदूरी के लिए राजस्थान रवाना हो गए। परिजनों के मुताबिक उनके पास 4 हजार रुपए थे, जिनमें से 2 हजार रुपए नर्स को देने और 500 रुपए पिता को देने के बाद वे झालावाड़ पहुंचे थे। इसी दौरान उन्हें पत्नी की तबीयत बिगड़ने और मौत की सूचना मिली। वे तत्काल राजगढ़ लौटे।

रात में शुरू हुई ब्लीडिंग, नर्स को बुलाने का आरोप

परिजनों के अनुसार रात करीब 12 बजे अमरी बाई को अचानक ब्लीडिंग शुरू हुई। उसकी सास धापू बाई नर्स को बुलाने पहुंचीं। आरोप है कि नर्स जिस कमरे में थी, उसका दरवाजा अंदर से बंद था और आवाज देने के बाद भी वह मरीज को देखने नहीं आई। परिजनों ने समय पर इलाज नहीं मिलने को मौत का कारण बताते हुए अस्पताल में धरना शुरू कर दिया।

पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया। उनकी मांग थी कि जिस नर्स पर रुपए लेने का आरोप है, उसकी पहचान कराई जाए। रात में ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ को अस्पताल के एक कमरे में बुलाकर धापू बाई से पहचान कराई गई। परिजनों ने एक नर्स को पहचानने की बात कही।

एसडीएम के आश्वासन पर खत्म हुआ धरना

परिजनों के समर्थन में पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर और हेमराज कल्पोनी भी धरने पर बैठे। मौके पर पहुंचीं एसडीएम निधि भारद्वाज ने रिश्वत लेने और इलाज में लापरवाही के आरोपों की जांच के लिए टीम गठित करने तथा दोषी पाए जाने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद धरना समाप्त हुआ।

अस्पताल प्रबंधन ने बताया अलग कारण

मुख्य अस्पताल अधीक्षक की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार प्रसूता की हालत गंभीर होने पर उसे इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया था। डॉक्टर और स्टाफ ने सीपीआर दिया, लेकिन सुबह करीब 4रू30 बजे उसकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार खून का थक्का रक्त प्रवाह के साथ हृदय में फंस गया, जिससे हृदय गति रुकने के कारण मौत हुई।

सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा ने कहा कि मातृ मृत्यु गंभीर मामला है। रिश्वत लेने या लापरवाही के आरोपों के प्रमाण मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

अष्टमी पूजन के लिए डैम गई नवविवाहिता की डूबने से मौत

डीआर संवाददाता ⏭ अशोकनग

पिपरई थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में शनिवार शाम डैम में नहाते समय 22 वर्षीय नवविवाहिता प्रियंका उर्फ हल्की बाई की डूबने से मौत हो गई। वह अपनी मां सुशीला बाई के साथ अष्टमी पूजन के लिए डैम पर गई थी। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया।

जानकारी के अनुसार प्रियंका नहाते समय अचानक गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। बेटी को पानी में डूबता देख उसकी मां ने शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद प्रियंका को पानी से बाहर निकाला।

परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। रविवार सुबह शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

शादी के बाद मायके में रह रही थी

प्रियंका मूल रूप से मुंगावली क्षेत्र के ढूढ़ेर गांव की रहने वाली थी। उसकी शादी इसी साल 22 अप्रैल को हुई थी। करीब डेढ़ महीने पहले वह मायके सेमरी आई थी। परिजनों के अनुसार ससुराल पक्ष उसे लेने आया था, लेकिन उस समय बुखार होने के कारण मायके वालों ने कुछ दिन बाद भेजने की बात कही थी। इसके बाद से वह मायके में ही रह रही थी। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी

राष्ट्रीय खिलाड़ी वैष्णवी जाधव का निधन, शादी की तैयारियों के बीच पसरा मातम

डीआर संवाददाता ⏭ ब्यावरा।

शादी की तैयारियों के बीच परिवार में अचानक मातम छा गया। खो-खो और बॉक्सिंग की खिलाड़ी 26 वर्षीय वैष्णवी (तनु) जाधव का इंदौर के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वैष्णवी की शादी करीब डेढ़ महीने बाद तय थी। निधन से एक दिन पहले ही उन्होंने परिवार के साथ शादी की खरीदारी की थी।

परिजनों के अनुसार वैष्णवी को कुछ दिन पहले टाइफाइड और इंफेक्शन हुआ था। उपचार के लिए उन्हें इंदौर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद उनकी हालत में सुधार भी बताया जा रहा था। शुक्रवार को वह परिवार के साथ खरीदारी करने गई थीं। इसके बाद अस्पताल में घर लौटने के लिए वाहन का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान अचानक उन्हें चक्कर आया और वह अचेत हो गईं। डॉक्टरों ने जांच के बाद बीपी कम होने की बात बताई और सीपीआर दिया। कुछ समय के लिए उनकी सांस लौटी, लेकिन बाद में उनकी मौत हो गई।

वैष्णवी दो बहनों में बड़ी थीं। उन्होंने खो-खो और बॉक्सिंग में दो बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर परिवार और नगर का नाम रोशन किया था। उनकी अंतिम यात्रा सुदर्शन नगर स्थित निवास से निकली, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक, जनप्रतिनिधि और परिचित शामिल हुए।

चिकित्सकों के अनुसार टाइफाइड के साथ अन्य संक्रमण होने पर स्थिति गंभीर हो सकती है। बीमारी बिगड़ने पर शरीर के दूसरे अंग भी प्रभावित होने का खतरा रहता है। हालांकि वैष्णवी की मौत के सटीक कारण की पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट और चिकित्सकीय जांच से ही होगी।

पत्नी से विवाद के बाद युवक की तबीयत बिगड़ी, पूर्व विधायक ने अस्पताल पहुंचाया

डीआर संवाददाता ⏭ सारंगपुर।

पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद रविवार दोपहर एक 28 वर्षीय युवक की बस स्टैंड के पास अचानक तबीयत बिगड़ गई। ईचिवाड़ा निवासी मनीष पिता कालूराम अहिरवार रविवार को सारंगपुर आया था। यहां मोबाइल पर पत्नी से बातचीत के दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई। पत्नी के साथ नहीं आने से वह परेशान बताया गया।

कुछ देर बाद युवक की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे देखा और तत्काल मदद के लिए पहुंचे।

इसी दौरान पास की दुकान पर मौजूद कांग्रेस के पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय की नजर युवक पर पड़ी। उन्होंने तुरंत डायल 112 को सूचना दी। पुलिस की मदद से युवक को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया।

अस्पताल में डॉक्टर मनीष चौहान ने उसका प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए शाजापुर रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर शाजापुर रवाना हुए। खबर लिखे जाने तक युवक की हालत गंभीर बताई गई।

एफआईआर के बाद भी नहीं थमा विवाद, आधा बीघा मक्का की फसल

डीआर संवाददाता ⏭ राजगढ़।

एफआईआर दर्ज होने के बाद भी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। गणेशपुरा निवासी शिवानी वर्मा ने पुलिस को दिए नए आवेदन में आरोप लगाया है कि 3 अक्टूबर को उसके पति सोनू वर्मा और ससुर कालूसिंह ने गांव के किसान कालूसिंह पुत्र रतन के खेत में खड़ी करीब आधा बीघा मक्का की फसल काट दी। इससे किसान को करीब 25 हजार रुपए का नुकसान होने का दावा किया गया है।

शिवानी के अनुसार आरोपियों ने खेत में मक्का के पौधे पर एक चिट्ठी भी टांग दी, जिसमें कथित तौर पर विवाद की रकम नहीं देने पर आगे नुकसान करने की धमकी दी गई है। उसने बताया कि पति और ससुर के खिलाफ शराब पीकर अभद्रता, मारपीट और दहेज मांगने के आरोप में 23 सितंबर को एफआईआर दर्ज हुई थी।

सोयाबीन के लिए भावांतर योजना, 17 अक्टूबर तक 91 केंद्रों पर पंजीयन

डीआर संवाददाता ⏭ सारंगपुर।

खरीफ 2026 में सोयाबीन के लिए लागू भावांतर भुगतान योजना के तहत राजगढ़ जिले में 91 केंद्रों पर किसानों का निरूशुल्क पंजीयन 17 अक्टूबर तक किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने समीक्षा बैठक में योजना के पारदर्शी क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं।

योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकृत किसानों को उपज कृषि उपज मंडी या निर्धारित उपमंडी में ही बेचनी होगी। एमपी फार्म गेट ऐप या सौदा पत्रक के माध्यम से बिक्री करने पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। भावांतर की राशि किसान के आधार लिंक बैंक खाते में ऑनलाइन भेजी जाएगी।

फर्जीवाड़ा रोकने के लिए मंडियों में ई-मंडी पोर्टल, किसान और वाहन का पंजीयन तथा प्रत्येक किसान की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। प्रमाणित इलेक्ट्रॉनिक कांटों से तौल होगी और रोजाना का मॉडल रेट मंडी परिसर में प्रदर्शित किया जाएगा। सीमावर्ती मंडियों में दूसरे क्षेत्रों से लाई गई उपज और पुरानी सोयाबीन की बिक्री पर भी निगरानी रहेगी।किसानों की सहायता के लिए मंडियों में 24 घंटे हेल्प डेस्क और कंट्रोल रूम संचालित किए जाएंगे। प्राप्त शिकायतों का 24 घंटे में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

रिहर्सल | जीरापुर में 54वें वर्ष में प्रवेश करेगी रामलीला, मंगलवार से होगा मंचन

16 दिवसीय आयोजन की शुरुआत नारद मोह की लीला से, स्थानीय कलाकार एक माह से कर रहे रिहर्सल

डीआर संवाददाता ⏭ जीरापुर

नगर में श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल द्वारा आयोजित 16 दिवसीय रामलीला का मंचन मंगलवार से शुरू होगा। मंडल इस वर्ष 54वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। पहले दिन नारद मोह की लीला का मंचन किया जाएगा। पिछले 53 वर्षों से स्थानीय कलाकार निशुल्क सेवा भाव से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र और रामचरितमानस की विभिन्न लीलाओं का मंचन करते आ रहे हैं।

रामलीला को आकर्षक बनाने के लिए करीब 40 स्थानीय कलाकार पिछले एक माह से संवाद, अभिनय और मंचन का अभ्यास कर रहे हैं। आयोजन में संवाद के साथ युद्ध दृश्य, नृत्य, संगीत और रामचरितमानस की चौपाइयों को शामिल किया जाएगा। मंडल की रामलीला नगर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष पहचान रखती है।

"गैस की रोशनी से आधुनिक विद्युत सज्जा तक पहुंचा आयोजन

रामलीला की शुरुआत के समय नगर में बिजली की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से गैस की रोशनी में मंचन किया जाता था। अब श्रद्धालुओं और समाजसेवियों से मिलने वाले सहयोग से मंच पर विद्युत सज्जा, आकर्षक वेशभूषा और श्रृंगार की आधुनिक व्यवस्था की जाती है। इससे आयोजन को भव्य स्वरूप मिला है।

बुजुर्ग भी निभा रहे जिम्मेदारी

मंडल में अध्यक्ष दिनेश पुरोहित, संरक्षक विधायक हजारीलाल दांगी, पूर्व नपाध्यक्ष गोकरण वर्मा, उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह मंडलोई पटेल, सचिव मोहनलाल पुष्पद सहित पदाधिकारी और कलाकार सेवाएं दे रहे हैं। 76 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक मोहनलाल पुष्पद मंच संचालन के साथ विभिन्न पात्रों की भूमिकाएं भी निभाते हैं। कलाकारों और कार्यकारिणी सदस्यों के प्रयास से रामलीला की परंपरा लगातार आगे बढ़ रही है।

एसडीएम और एसडीओपी को नागरिक अभिनंदन के साथ दी विदाई

डीआर संवाददाता ⏭ सारंगपुर।

सारंगपुर। स्थानांतरण के बाद एसडीओपी अरविंद्र सिंह और पूर्व एसडीएम रोहित बम्हौरे के सम्मान में नगरवासियों ने नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया। दोनों अधिकारियों का शाल, श्रीफल और पारंपरिक साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

एसडीओपी अरविंद्र सिंह ने कहा कि सारंगपुर में तीन वर्ष का कार्यकाल कब पूरा हो गया, पता ही नहीं चला। यहां की जनता से मिले स्नेह और सहयोग को वे हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि वे जहां भी रहेंगे, सारंगपुर सबसे पहले याद आएगा। सिंह का स्थानांतरण भोपाल के हनुमानगंज में एसीपी के पद पर हुआ है।

पूर्व एसडीएम रोहित बम्हौरे का स्थानांतरण राजगढ़ में संयुक्त कलेक्टर के रूप में हुआ है। उन्होंने कहा कि सारंगपुर में विकास की अपार संभावनाएं हैं। कार्यक्रम में माली समाज जिलाध्यक्ष संतोष पुष्पद ने स्वागत किया। संचालन प्रमोद सदानी ने किया और आभार गिरीश जोशी ने माना। समारोह में नगर के अनेक नागरिक मौजूद रहे।